अब हैवेल्स के रेफ्रिजरेटर भी

25 मॉडल पेश किए

■ **बिजनेस डेस्कः** उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल सामान कंपनी हैवेल्स रेफ्रिजरेटर बाजार में उतर गई है। कंपनी ने अपनी टिकाऊ उपभोक्ता सामान इकाई लॉयड के जरिए देश के रेफ्रिजरेटर बाजार में उतरने की घोषणा की। इस कदम के साथ लॉयड एक पूर्ण टिकाऊ उपभोक्ता सामान ब्रैंड बन जाएगा। यह ब्रैंड पहले से एयर-कंडीशनर, एलईडी टीवी और वॉशिंग मशीन खंड में मौजूद है।

कंपनी ने बयान में कहा कि उसने 25 नए इन्वर्टर प्रौद्योगिकी आधारित डायरेक्ट कूल (डीसी), फ्रॉस्ट-फ्री और साइड-बाय-साइड रेफ्रिजरेटर मॉडल पेश किए हैं। कंपनी का इरादा दिवाली तक 25 और नए मॉडल उतारने का है। इसके अलावा लॉयड की योजना नवंबर में डिशवॉशर खंड में भी उतरने की है। लॉकडाउन के दौरान लोग अपने घर से काम कर रहे हैं। ऐसे में डिशवॉशर जैसे उत्पादों की मांग बढ़ी है। लॉयड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशि अरोड़ा ने कहा, 'आज हम डीसी, साइड-बाय-साइड, फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर की श्रृंखला पेश कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप कंपनी अपने रेफ्रिजरेटर की समूची श्रृंखला का उत्पादन भारत में ही करेगी।